# राजभाषा प्रकोष्ठ
## HINDI CELL
## डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय A CENTRAL UNIVERSITY)

ई–मेल : hindicell2015@gmail.com
दूरभाष क्र. : (07582) 297118


क्र. राभाप्र / 2023 / अंक–10 / 2009

13 जून, 2023

## परिपत्र

विश्वविद्यालय में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिये राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा प्रकाशित की जाने वाली वार्षिक राजभाषा पत्रिका **भाषा भारती** के दसवें अंक का प्रकाशन किया जाना प्रस्तावित है। 'भाषा भारती' का यह अंक **'राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का क्रियान्वयन'** विषय पर केन्द्रित विशेषांक के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है।

अतः समस्त सम्माननीय शिक्षकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण से उक्त विषय पर आधारित मौलिक एवं अप्रकाशित लेख सादर आमंत्रित हैं। आलेख **'राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का क्रियान्वयन'** विषय से संबंधित 'उच्चतर शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन', 'भारतीय भाषाओं में पाठ्य सामग्री का निर्माण', 'मातृभाषा में तकनीकी विषयों का शिक्षण', आदि उपविषयों पर केन्द्रित हो सकते हैं।

आलेख की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी केवल हिन्दी फॉण्ट कृति देव 10 फॉण्ट साईज 14 में होनी चाहिए। सामग्री की सॉफ्ट कॉपी राजभाषा प्रकोष्ठ की ई–मेल आई.डी. **hindicell2015@gmail.com** पर भी भेजी जा सकती है। प्रकाशन हेतु एकत्रित सामग्री का चयन सम्पादक मण्डल द्वारा किया जायेगा। सामग्री अंतिम रूप से दिनांक 10 जुलाई, 2023 तक राजभाषा प्रकोष्ठ को अवश्य प्राप्त हो जानी चाहिये।

आदेशानुसार,

हिन्दी अधिकारी (प्र.)

प्रतिलिपि :–

1. सभी अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष / अधिकारी / प्रभारी / निदेशक / समन्वयक / शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सूचनार्थ।
2. प्रभारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ। – {विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करवाने के अनुरोध साथ। }
3. कुलपति जी को निज सचिव के माध्यम से सूचनार्थ।
4. कुलसचिव जी को निज सहायक के माध्यम से सूचनार्थ।
5. कार्यालय नस्ती।